दिन– शुक्रवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 28/03/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि – 05 मिनट

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल दो दिवसीय दौरे पर बिहार आ रहे हैं। बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुये श्री शाह का दौरा काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। कल वे प्रदेश भाजपा कार्यालय में पार्टी के सांसद, विधायक, विधान पार्षद और प्रदेश पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। उसके बाद देर रात भाजपा की कोर कमिटी की बैठक में शामिल होंगे। सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि तीस मार्च को पटना में राज्य स्तरीय सहकारिता सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इसके मुख्य अतिथि होंगे। श्री शाह पटना के बापू सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कई विभागीय योजनाओं का उद्घाटन करेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार केन्द्रीय मंत्री दरभंगा में नवनिर्मित मखाना प्रसंस्करण केन्द्र का उद्घाटन करेंगे। वे राज्य सहकारी बैंकों के माईक्रो एटीएम का वितरण करेंगे। इसके अलावा श्री शाह नव निबंधित दुग्ध सहकारी समितियों के बीच निबंधन प्रमाण पत्र का वितरण करेंगे। साथ ही वे जन औषधि केन्द्रों के शुभारंभ और कॉमन सर्विस सेंटरों को क्रियाशील होने का प्रमाण पत्र देंगे। सहकारिता मंत्री राज्य के दो पैक्स में विश्व की सबसे बड़ी अन्न भण्डारण योजना के तहत गोदाम निर्माण कार्य की आधारशिला भी रखेंगे। तीस मार्च को ही अमित शाह का गोपालगंज में एक जनसभा को भी संबोधित करने का कार्यक्रम है।

———————————————————

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि चारा घोटाले के नौ सौ पचास करोड़ रूपये की वापसी के लिए सरकार अदालत जायेगी। साथ ही सीबीआई और आयकर विभाग से भी बात की जायेगी। श्री चौधरी ने कहा कि पटना हाई कोर्ट में चारा घोटाले की जांच सीबीआई को सौंपते समय घोटाले की राशि सरकार के खजाने में वापस लौटाने की भी जिम्मेदारी दी गयी थी। न्यायालय ने घोटालेबाजों की सम्पत्ति बेच कर इसे सरकारी कोष में जमा करने का निर्देश दिया था। श्री चौधरी ने कहा कि पटना हाई कोर्ट के निर्देश के अनुरूप सरकार घोटाले की रकम की वापसी के लिए हर सम्भव कदम उठायेगी।

—————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार, तीस मार्च को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ बीसवीं कड़ी होगी। लोग कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव टोल–फ्री नंबर एक आठ शून्य शून्य– एक एक– सात आठ शून्य शून्य पर भेज सकते हैं। अपने सुझाव नरेन्द्र मोदी ऐप या माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से ऑनलाइन भी साझा कर सकते हैं। सुझाव आज तक स्वीकार किए जाएंगे।

—————————————————————————

पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों के तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। कई स्थानों का अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। बक्सर लगातार दूसरे दिन प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा, यहां का अधिकतम तापमान इकतालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, खगड़िया का अधिकतम तापमान चालीस दशमलव छह डिग्री, सीवान के जीरादेई का चालीस डिग्री और राजधानी पटना का अधिकतम तापमान अड़तीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के अनुसार अगले दो से तीन दिनों के दौरान औसत तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की और बढ़ोतरी हो सकती है।

—————————————————————————

राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी अस्पतालों में गर्मी और लू के मरीजों के इलाज के लिए दिशा–निर्देश जारी किया है। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि लू से प्रभावित मरीजों के लिए सभी अस्पतालों मे पांच–पांच बेड आरक्षित रखे जायेंगे। अस्पतालों में ओआरएस कॉर्नर बनाया जायेगा। श्री पांडेय ने बताया कि लू मरीजों के लिए अस्पतालों में रैपिड रिस्पांस टीम के गठन के निर्देश दिये गये हैं।

—————————————————————————

पवित्र महीना रमजान का आज अंतिम जुम्मा है। इस अवसर पर नमाजियों ने विभिन्न मस्जिदों में नमाज अदा की। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव समेत सभी प्रमुख दलों के वरिष्ठ नेताओं ने इस अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं।

—————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।